मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 14/06/2025

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति- 452/2025
14 जून 2025
मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय, रांची
============================

▪ मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से सिदो-कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका की पूर्व कुलपति डॉ० सोनाझारिया मिंज ने मुलाकात की।
============================

▪ मुख्यमंत्री ने डॉ० सोनाझारिया मिंज को यूनेस्को की को-चेयर पर्सन नियुक्त होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।
============================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से आज कांके रोड, रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में सिदो-कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका की पूर्व कुलपति डॉ० सोनाझारिया मिंज ने मुलाकात की। इस अवसर पर

मुख्यमंत्री ने डॉ० सोनाझारिया मिंज को यूनेस्को की को-चेयर पर्सन नियुक्त होने पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि डॉ० सोनाझारिया मिंज यूनेस्को की सह-अध्यक्ष के रूप में कार्य करते हुए आदिवासी भाषा, संस्कृति, विरासत जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं को मजबूती प्रदान करेंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं समस्त झारखंडवासी एवं विशेष तौर पर आदिवासी समुदाय की ओर से आपको शुभकामनाएं देता हूं। यह राज्य के आदिवासी समुदायों के लिए बहुत गर्व की बात है कि आपके द्वारा किए जाने वाले कार्य से आदिवासी समुदाय के मुद्दे, उनके आत्मनिर्णय के अधिकार एवं ज्ञान प्रणाली को वैश्विक मंच प्रदान होगा।

=============

#Team PRD (CMO)